कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-26.06.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त सुल्तान थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0159/2024 धारा 363,366 भा0द0वि0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त सुल्तान पुत्र फखरुद्दीन अहमद निवासी-नयी बस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-26.06.2024 को समय करीब 14.50 बजे ताड़ीखाना तिराहा से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-10.05.2024 को पीड़िता/अपहृता के पिता ने उनकी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त सुलतान द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर मे मु0अ0सं0-0159/2024 धारा 363,366 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 ब्रम्हदत्त मिश्रा द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सुल्तान पुत्र फखरुद्दीन अहमद निवासी-नयी बस्ती पाण्डेयपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी, उम्र 21 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

नाबालिग अपहृता/पीड़िता उम्र 17.5 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

ताड़ीखाना तिराहा से आज दिनांक-26.06.2024 को समय करीब 14.50 बजे।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 ब्रह्मदत्त मिश्रा थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- हे0का0 सिद्धार्थ कुमार राय थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- का0 सूरज कुमार तिवारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- म0का0 मधु क्श्यप थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।